आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 03.04.2026
समय : 01:00 पी.एम.

केन्द्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से एलपीजी और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव डॉ. नीरज मित्तल ने कहा कि वर्तमान में केवल 17 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश ही नियमित या समय–समय पर प्रेस ब्रीफिंग कर रहे हैं। उन्हें सोशल और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से सटीक जानकारी का समय पर प्रसार सुनिश्चित करने और नियमित जनसंचार बढ़ाने को कहा गया है। मंत्रालय ने बताया कि सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं, कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है तथा पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है।

पश्चिम मध्य एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में आज रात होर्मुज जल–डमरू–मध्य की सुरक्षा के प्रस्ताव पर मतदान होगा। दुनियाभर में लगभग 20 प्रतिशत कच्चे तेल की ढुलाई इस महत्वपूर्ण जलमार्ग से होती है। होर्मुज पर ईरान के नियंत्रण के कारण वैश्विक स्तर पर ईंधन की कीमतों में उछाल आया है। कल, होर्मुज को दोबारा खोलने पर चर्चा के लिए चालिस से अधिक देशों ने वर्चुवल बैठक की थी।

जयपुर, जोधपुर और अजमेर विद्युत वितरण निगमों ने चालू वित्तीय वर्ष के दौरान बिजली की दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। इस आदेश के बाद प्रदेश के पौने दो करोड़ से अधिक विद्युत उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। प्रदेश के तीनों विद्युत वितरण निगमों द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए प्रस्तुत वार्षिक राजस्व की आवश्यकता (एआरआर) और टैरिफ याचिकाओं पर सुनवाई के बाद राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग ने कल अपना आदेश जारी किया।

प्रदेश की एसआई, प्लाटून कमांडर भर्ती परीक्षा 2025 और एसआई भर्ती परीक्षा, 2021 में भाग ले चुके अभ्यर्थी अब रविवार और सोमवार को होने वाली भर्ती परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। उच्चतम न्यायालय ने इसके लिए अभ्यर्थियों को अंतरिम राहत दी है। अभ्यर्थियों का परीक्षा परिणाम उच्च न्यायालय के अंतिम फैसले के अधीन रहेगा। इधर इन परीक्षाओं को लेकर स्पेशल ऑपरेशन्स ग्रुप (एसओजी) पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। एसओजी के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विशाल बंसल ने बताया कि परीक्षा में गड़बड़ी करने वाले तत्वों की जानकारी देने वाले को एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा, जिसके लिए हेल्पलाइन नम्बर जारी किये गये है।

गुड फ्राइडे आज देशभर में श्रद्धा, शांति और विश्वास के साथ मनाया जा रहा है। यह दिन यीशु मसीह को सलीब पर चढ़ाए जाने की याद में हर साल ईस्टर संडे से पहले आने वाले शुक्रवार को मनाया जाता है। इस मौके पर प्रदेश के विभिन्न गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की जा रही है। राजधानी जयपुर सहित विभिन्न स्थानों पर 'क्रॉस यात्रा' आयोजित की जा रही है। इसाई धर्मावलंबी उपवास रखकर और प्रार्थनासभा आयोजित कर प्रभु यीशु के त्याग और मानवता के प्रति प्रेम के संदेश को याद कर रहे हैं। कई जगहों पर धार्मिक झांकियां और जुलूस भी निकाले जा रहे है।

राज्य में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के चलते आज कई जिलों में आंधी हल्की से मध्यम वर्षा और कहीं कहीं ओलावृष्टि दर्ज की गई है। आज सुबह जैसलमेर, नागौर, डीडवाना–कुचामन और जालोर सहित कई जिलों में बारिश हुई। वहीं जैसलमेर के पिथोडाई गांव में सुबह करीब 15 मिनट तक ओलावृष्टि हुई, जबकि डीडवाना में तड़के तेज बारिश दर्ज की गई। जालोर में भी हल्की बूंदाबांदी से मौसम खुशगवार हो गया। प्रदेश के श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और बीकानेर क्षेत्र में बारिश और ओलों से गेहूं की तैयार फसल को

नुकसान पंहुचा है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज भी प्रदेश के कई भागों में तेज आंधी और बारिश के साथ कहीं–कहीं ओलावृष्टि होने की संभावना है।

....

इंडियन प्रीमियर लीग– आई.पी.एल. क्रिकेट में, आज चेन्नई सुपर किंग्स का मुकाबला पंजाब किंग्स से होगा। ये मैच शाम साढ़े सात बजे से चेन्नई के एम.ए. चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा। इससे पहले कल सनराइजर्स हैदराबाद ने कोलकाता के ईडन गार्डेन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स को 65 रन से हरा दिया। 227 रन के लक्ष्य के जवाब में, कोलकाता की टीम 16 ओवर में 161 रन ही बना सकी। नीतीश कुमार रेड्डी को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने आज आरयूएचएस अस्पताल का दौरा कर स्वास्थ्य सेवाओं का किया निरीक्षण किया और अधिकारियों को रिम्स के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने देश के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों के विषय विशेषज्ञों और चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ रिम्स के विकास पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह संस्थान प्रदेश में विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं, चिकित्सा के क्षेत्र में अनुसंधान एवं शोध को नई दिशा देगा। मुख्य सचिव ने रिम्स की स्थापना से संबंधित नियमों को जल्द अधिसूचित किए जाने के भी निर्देश दिए।